# प्रेस नोट थाना कोतवाली

## जनपद शाहजहाँपुर

### सराहनीय कार्य दिनांक- 20.06.2025

## थाना कोतवाली पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

**"थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक नफर अभियुक्त को 02 किलो 14 ग्राम नशीला मादक पदार्थ अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 06 लाख रुपये) व 200 रुपये का एक नोट मय एक अदद मोटरसाइकिल (रंग सफेद टीवीएस अपाचे मार्का) के साथ किया गया गिरफ्तार"**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशन में मादक पदार्थ एंव चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 20.06.2025 को समय 10.35 बजे मुखबिर की सूचना पर कांट रोड पर साउथ सिटी के सामने वाले रास्ते पर से अभियुक्त बल्लू पुत्र स्व0 इसरार निवासी मोहल्ला जलालनगर थाना सादर बाजार जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 45 वर्ष को मय 02 किलो 14 ग्राम नशीला पदार्थ अफीम व एक नोट 200 रुपये का मय एक अदद मोटरसाइकिल रंग सफेद टीवीएस अपाचे मार्का के गिरफ्तार किया गया व अभियुक्त की गिरफ्तारी /बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0- 277/25 धारा 8/18 NDPS ACT व 207 एम0वी0 एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त बब्लू उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि साहब मैंने मोटरसाईकिल के हैंडल की हैडलाइट पर NEWS INDIA इसलिए लिखा रखा हूँ कि मैं अफीम का कारोबार करता हूँ। NEWS INDIA प्रेस की मदद से कोई पुलिस वाला मुझे नहीं रोकता है जिससे मोटरसाईकिल से मैं अपने माल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से पहुँचा सकूँ। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-**

1. बल्लू पुत्र स्व0 इसरार निवासी मोहल्ला जलालनगर थाना सादर बाजार जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 45 वर्ष

**बरामदगी का विवरण :-**

02 किलो14 ग्राम नशीला पदार्थ अफीम व एक नोट 200 रु. का मय एक अदद मो0सा0 रंग सफेद टीवीएस अपाचे मार्का

**पंजीकृत अभियोग का विवरण:-**

1. मु0अ0सं0 277/25 धारा 8/18 NDPS ACT व 207 एम0वी0 एक्ट थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

**गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय............**

कांट रोड पर साउथ सिटी के सामने वाले रास्ते पर , दिनांक 20.06.2025 को समय 10.35 बजे

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1. प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह
2. उ0नि0 श्री सुशांत रावत
3. हे0का0 79 तैयब अली
4. का0 2330 सुमित कुमार
5. का0 2257 रोहित कुमार